


डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2024- 26
ई-पेपर www.guruexpress.live

बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार

संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 19 | अंक 58 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | मंगलवार 10 दिसम्बर 2024 | मूल्य 2 रुपया

## मुख्यमंत्री डा.यादव आज आएंगे मंदसौर



**मंदसौर, 09 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** अपर कलेक्टर श्रीमती एकता जायसवाल ने बताया कि मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव 10 दिसंबर को मंदसौर आएंगे । तय कार्यक्रम अनुसार मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव हेलीकॉप्टर द्वारा दोपहर 3:05 बजे इंदौर से मंदसौर आएंगे एवं स्थानीय कार्यक्रम में भाग लेंगे। उसके पश्चात मुख्यमंत्री डॉ यादव दोपहर 3:50 बजे मंदसौर से हेलीकॉप्टर द्वारा आगर मालवा के लिए प्रस्थान करेंगे।

## कार की टक्कर से बाईक सवार तीन जन घायल

**मनासा, 09 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** मनासा-मंदसौर रोड पर महागढ़ और शेषपुर फंटे के बीच रविवार रात एक सड़क हादसा हो गया। यहां कार चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक सवारों को पीछे से टक्कर मार दी, जिसमें बाइक पर सवार दो महिलाएं और एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को पहले मनासा के सरकारी अस्पताल लाया गया, जहां से तीनों को नीमच रेफर किया गया। इस हादसे में 55 वर्षीय महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। दुर्घटना के चलते कार खराब होने पर कार चालक मौके पर ही वाहन छोड़कर फरार हो गया। बताया जा रहा है कि बाइक सवार सभी अपने खेत पर निदाई-गुड़ाई का काम कर अपने घर लौट रहे थे। हादसे में महागढ निवासी पुष्पा बाई पति उम्मेदराम पाटीदार उम्र 55 वर्ष, शीला पिता उम्मेदराम पाटीदार उम्र 30 वर्ष और जीवन पिता उम्मेदराम पाटीदार उम्र 35 वर्ष घायल हुए। टक्कर मारने वाली कार का नंबर आरजे 47 सीए 2882 था। टक्कर में घायल तीनों व्यक्तियों को मनासा से नीमच के बड़े अस्पताल रेफर किया गया है, जहां सभी घायलों का इलाज जारी है। घायलों में पुष्पा बाई की हालत गंभीर बताई जा रही है। मनासा थाना पुलिस का कहना है कि हादसे में तीन लोग घायल हुए हैं। मामले में जांच जारी है। फरार आरोपी कार चालक की तलाश की जा रही है।

# अवैध संबंधों को बचाने के लिए हत्या, तीन आरोपी गिरफ्तार

## पहले शराब पिलाई, फिर पत्थर से सिर फोड़ा, बोरे में बंद किया शव



**मंदसौर, 09 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** जिसे यमलोक पहुंचाना था, उसे पहले शराब पिलाई। इसके बाद सिर पर पत्थर से वार कर हत्या कर डाली। बाद में उसका शव बोरे में बंद किया। हत्या के आरोपियो की योजना थी कि शव को कोई पहचान नहीं पाए। मामला छह दिन पुराना है। जिसमें दलौदा थाना क्षेत्र में लाश मिली थी। पुलिस ने इस अंधे कत्ल की गुत्थी को सुलझा लिया है। अवैध संबंध हत्या का कारण बने। मृतक की पत्नी से आरोपी के अवैध संबंध थे। जिसके चलते उसने दो अन्य साथियों की मदद से हत्या की वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस कप्तान श्री अभिषेक आनंद ने प्रेस से चर्चा करते हुए बताया कि 3 दिसंबर को ग्राम आक्या के पास दिव्य श्री होटल के सामने पुलिया के यहां शव मिलने की सूचना मिली। इसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची। जहां पुलिया से लगभग 50-60 फिट दूर एक खजूर के वृक्ष के नीचे पानी में एक अज्ञात शव मिला। मृतक के सिर से लेकर दोनो घुटने तक का भाग प्लास्टिक के कट्टे में बरामद हुआ। फोरेंसिक टीम को तलब किया व हमराह फोर्स के मदद से शव को बाहर निकलवाया। शव अज्ञात पुरुष का होकर सिर कुचला व शव लगभग 08 से 10 दिन पुराना होना प्रतीत होकर अधगला होने से पहचान योग्य नही था। पीएम के लिए शव अस्पताल पहुंचाया गया। शव की पहचान कर पाना मुश्किल हो रहा था।

पुलिस नु विभिन्न माध्यम सोशल मीडीया, रेडियो मैसेज व पुलिस टीम के लगातार प्रयासों से मृतक की शिनाख्तगी उसके पहने हुए कपडे व हाथ पर गुदे नाम से राहुल पिता रोड़ुमल सुर्यवंशी उम्र 27 साल निवासी सोनगरी के नाम से हुई। बाद मृतक की पीएम रिपोर्ट पर थाना दलौदा पर अपराध धारा 103(1), 238 बीएनएस का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। सायबर सेल की मदद व मुखबीर सूचना पर पुलिस टीम दलौदा को हत्या के संबंध में महत्वपुर्ण सुराग प्राप्त होने व घटना स्थल पर मिले साक्ष्यों के आधार पर संदेही दिनेश पिता जगदीश चौहान जाति भोई निवासी ग्राम उन्नी थाना बडावदा जिला रतलाम, प्रकाश पिता चत्तर चौहान जाति भोई निवासी ग्राम उन्नी थाना बडावदा जिला रतलाम व मनोहर पिता दिलीप केवट जाति भोई निवासी ग्राम उन्नी थाना बडावदा जिला रतलाम को हिरासत मे लेकर घटना के सम्बंध में मनौवैज्ञानिक तरीके से पूछताछ करते उक्त घटना तीनों संदेहियों के द्वारा कारीत करना स्वीकार किया गया।

### राहुल आरोपी को पहले से जानता था...

मृतक राहुल का ससुराल ग्राम उन्नी जिला रतलाम मे होने से ग्राम उन्नी निवासी आरोपी दिनेश चौहान आपस में परिचित होकर एक दुसरे के घर आना जाना था। इसी दौरान मृतक राहुल की पत्नी से आरोपी दिनेश की लगातार नजदीकिया हद से बढ गई। दोनों के बीच अवैध संबंध का पता राहुल को न चले इस कारण आरोपी दिनेश चौहान द्वारा राहुल को किसी तरह रास्ते से हटाने की नियत से राहुल की हत्या करना चाहता था। इसी को लेकर उसने योजना बनाकर राहुल की हत्या अन्य आरोपियों के साथ मिलकर की।

### शराब पिलाकर उतारा मौत के घाट...

आरोपी दिनेश चौहान ने मृतक राहुल की हत्या की योजना बना कर पार्टी करने के नाम से 23 व 24 नवम्बर की रात्रि मे मृतक राहुल नयाखेडा के पास सवेरा ढाबा से ड्युटी कर वापस घर लोटते समय दिनेश ने मृतक राहुल को सोनगरी व दलौदा के बीच से अपनी मोटर सायकल पर बैठाकर ग्राम आक्या के पास दिव्य श्री होटल के सामने पुलिया के नीचे नाले के पास खेत पर लेकर पहुंचा। जहा पर पूर्व से मौजूद दिनेश चौहान के दोस्त प्रकाश चौहान निवासी उन्नी व मनोहर केवट निवासी उन्नी शराब लेकर बैठे थे। आरोपी दिनेश चौहान ने शराब नही पी व अपने दोस्तों के साथ राहुल को योजना अनुसार अधिक शराब पिलाई व राहुल को नशे की हालत में देख कर दिनेश द्वारा बडा सा पत्थर उठा कर मृतक राहुल के सिर पर वार किया। जिससे राहुल अचेत होकर खेत में बेहोश हो गया। योजना अनुसार दिनेश व उसके दोस्त प्रकाश व मनोहर नें भी बारी बारी से पत्थरो से राहुल को बडी बेरहमी से सिर कुचल कर मार डाला। लाश पहचान में नही आए, इसलिए सिर को पुरी तरह से कुचल डाला व आरोपी दिनेश द्वारा पूर्व से साथ मे लाये गये प्लास्टीक के कट्टे में दोस्त प्रकाश व मनोहर की मदद से मृतक राहुल के शव को भरकर पास ही नाले में फेक दिया व घटना में प्रयुक्त पत्थरो को पानी मे फेक कर घटना स्थल पर मौजुदा साक्ष्यों को नष्ट करने का प्रयास कर मौके से अपने निवास की ओर रवाना हो गये। मृतक राहुल के मोबाईल को आरोपी प्रकाश अपने साथ में लेकर गया व रतलाम जिले की मलेनी नदी में फेक दिया।

## आंख में मिर्च पावडर झोंक बदमाशों ने कर डाली लूट

**मंदसौर, 09 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** पेस्टीसाइड व्यापारी की आंखों में मिर्च पावडर झोंक कर लूट करने का मामला सामने आया है। घटना रविवार रात की है। व्यापारी की शिकायत पर नाहरगढ पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरु की है।

मिली जानकारी के अनुसार आदित्य पिता कृष्णवल्लभ मोदी निवासी ग्राम कयामपुर ने पुलिस को बताया कि कयामपुर के रूपनी चौपाटी से बिसन्या रोड़ पर मेरी मोदी कृषि सेवा नाम से दुकान है। रविवार शाम करीब साढे 7 बजे दुकान बन्द करने के बाद बाहर खड़ी कार में बैठने ही वाला था कि साइड से किसी ने सेठजी बोलकर आवाज लगाई। पीछे पलटकर देखा तो तीन व्यक्ति खड़े थे, एक व्यक्ति ने मेरी आंखों मे लाल मिर्च पावडर डाल दिया। आदित्य ने बताया कि आंखों ... शेष पेज 4 पर

## वैक्युम टैंकर में स्कीम बनाकर ले जाई जा रही थी अवैध शराब...

# पचास लाख रुपए कीमत की 506 पेटी अंग्रेजी शराब जप्त

**हरियाणा में बैठे तस्कर दो-दो घंटे में टैंकर चालक को बता रहे थे लोकेशन, 13 दिसंबर तक रिमांड पर आरोपी**

**मंदसौर, 09 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** नई आबादी थाना पुलिस ने नालछा माता फंटा से एक वैक्युम टैंकर में स्कीम बनाकर ले जाई जा रही 506 पेटी अंग्रेजी शराब जब्त की है। इस मामले में चालक को गिरफ्तार किया गया है। टेंकर चालक को हर दो घंटे में गंतव्य पर जाने के लिए लोकेशन बताई जा रही थी। हरियाणा में बैठे शराब माफिया टैंकर चालक के संपर्क में थे। शराब और टेंकर की कीमत 50 लाख रुपए बताई गई है। इधर टेंकर चालक को सोमवार को न्यायालय में पेश किया गया। जहां से उसे 13 दिसंबर तक पुलिस रिमांड पर सौपा गया। अब पुलिस उससे विस्तृत पूछताछ कर रही है।

पुलिस कप्तान श्री अभिषेक आनंद ने बताया कि, रविवार को नई आबादी थाना पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली थी कि एक मोडिफाइड वैक्यूम टैंकर में अवैध शराब की तस्करी की जा रही है। सूचना पर टीआई वरुण तिवारी के नेतृत्व में एएसआई सुनील सिंह तोमर की टीम ने नालछा माता फाटा पर नाकाबंदी की। यहां मुखबीर के बताए अनुसार वैक्यूम टैंकर (आर 15जीए 2111) को पकड़ा। इस दौरान मौके से गुनेशाराम पिता कालाराम जाट उम्र 28 वर्ष निवासी श्रीरामवाला जिला बाडमेर राजस्थान को गिरफ्तार किया गया। वैक्यूम टैंकर की जांच करने पर उसमें शातिर तरीके से थ्री लेयर पार्ट में छिपाई गई 506 पेटी अवैध शराब बरामद की गई।

### चालक को नहीं पता थी डिलीवरी लोकेशन...

पुलिस कप्तान ने बताया कि टैंकर में रखी 506 पेटी बियर की केन मिली है, जो 6500 लीटर है। आरोपी चालक को सिर्फ इतना ही पता था कि शराब को गुजरात तक ले जाना है। आरोपी के मोबाइल में सेठ जी नाम से एक नम्बर मिला है, जो उसे हर दो घण्टे में यह बताता था कि उसे आगे कहां जाना है। उसे हरियाणा के सोनीपत से जयपुर जाना बताया गया था। इसके बाद उसे नीमच जाने का बोला गया। इस तरह उसे एक स्थान पर पहुंचने के बाद आगे की लोकेशन बताई जाती थी। पुलिस अब सेठ जी नाम वाले शख्स की तलाश कर रही है।












### विशेष समुदाय के विकास के लिए मुखर हुए सांसद गुप्ता द्वारा लोकसभा में पूछे प्रश्न के जवाब में जनजातीय कार्य राज्यमंत्री दुर्गादास उइके ने कहा...

# जनजातीय समुदाय के विकास के लिए प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान की शुरुआत की



**मंदसौर, 09 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** जनजातीय समुदाय के विकास के लिए मोदी सरकार द्वारा 10 वर्षों में कई विकास कार्य किए है। इन विकास कार्यों के साथ ही सरकार द्वारा कई योजनाएं संचालित की जा रही है। इसको लेकर सांसद सुधीर गुप्ता ने लोकसभा में प्रश्न किया। सांसद गुप्ता ने कहा कि देश में जनजातीय समुदाय से आने वाले स्वतंत्रता सेनानी बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती मनाई गई थी। इस अवसर पर सरकार द्वारा जनजातीय समुदाय के लिए शुरू किए गए कार्यक्रम / परियोजना क्या है। सरकार ने देश में जनजातीय समुदाय के समावेशी और सतत् विकास की दिशा में कार्य करने के संबंध में विभिन्न हितधारकों और राज्य सरकारों के साथ कोई परामर्श किया है। देश के दूरस्थ जनजातीय क्षेत्रों में स्वास्थ्य देखभाल सुविधा, शिक्षा, आवास आदि में वृद्धि करने के उद्देश्य से सरकार द्वारा की गई और की जा रही विभिन्न पहलु क्या है।

प्रश्न के जवाब में जनजातीय कार्य राज्यमंत्री दुर्गादास उइके ने बताया कि भारत सरकार ने वर्ष 2021 में 15 नवंबर को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में घोषित किया है। चौथा जनजातीय गौरव दिवस 15 नवंबर से 26 नवंबर, 2024 तक मनाया गया था। इसके अलावा, सरकार द्वारा 15 नवंबर, 2024 से 15 नवंबर, 2025 तक की अवधि को भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती वर्ष के रूप में मनाने को मंजूरी दी गई है, जिसका समापन 15 नवंबर, 2025 को 150वीं वर्षगांठ समारोह के रूप में होगा। उन्होने बताया कि वर्ष 2023-24 के दौरान, 18 राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश में रहने वाले 75 पीवीटीजी समुदायों के सामाजिक-आर्थिक विकास के लिए प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान (पीएम जनमन) शुरू किया गया था। मिशन का उद्देश्य 3 वर्षों में पीवीटीजी/पीवीटीजी बस्तियों को सुरक्षित आवास, स्वच्छ पेयजल और शिक्षा, स्वास्थ्य एवं पोषण तक बेहतर पहुंच, सडक और दूरसंचार सम्पर्क, अविद्युतीकृत घरों का विद्युतीकरण और स्थायी आजीविका के अवसर जैसी बुनियादी सुविधाएँ प्रदान करना है। इन उद्देश्यों को 9 लाइन मंत्रालयों द्वारा कार्यान्वित 11 उपायों के माध्यम से पूरा करने की योजना है। इसके अलावा, पीवीटीजी आबादी को सरकार की अन्य पहलों/योजनाओं, जैसे आधार नामांकन, पीएम-जनधन नामांकन आदि से लाभान्वित करने के लिए आईईसी अभियान और लाभार्थी संतृप्ति शिविर भी चलाए जा रहे हैं।

**धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान**–उन्होने बताया कि धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान 2 अक्टूबर, 2024 को शुरू किया गया था। इस अभियान में 17 संबंधित मंत्रालयों द्वारा कार्यान्वित 25 उपाय शामिल हैं और इसका उद्देश्य 63,843 गांवों में बुनियादी ढांचे की कमी को पूरा करना, स्वास्थ्य, शिक्षा, आंगनवाडी सुविधाओं तक पहुंच में सुधार करना और 5 वर्षों में 30 रज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के 549 जिलों और 2,911 ब्लॉकों में 5 करोड़ से अधिक जनजातियों को लाभान्वित करते हुए आजीविका के अवसर प्रदान करना है। इस अभियान का उद्देश्य जनजातीय बहुल गांवों और आकांक्षी जिलों में जनजातीय परिवारों के लिए संतृप्ति कवरेज को अपनाकर जनजातीय समुदायों की सामाजिक-आर्थिक स्थिति में सुधार करना है।

**प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान**–प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान (पीएम जनमन) मिशन के कार्यान्वयन के लिए 18 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 8 प्रमुख क्षेत्रीय मंत्रालयों/विभागों और उनके समकक्ष विभागों के साथ आगे के रास्ते पर चर्चा करने के लिए 15 दिसंबर, 2023 को मंथन शिविर आयोजित किया गया था। शिविर में ग्रामीण विकास, पेयजल और स्वच्छता, शिक्षा, कौशल विकास, स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास, बिजली और जनजातीय आजीविका एवं बुनियादी ढांचे पर 8 क्षेत्रीय कार्यशालाएं शामिल थीं। इसके अलावा, मंत्रालय की चल रही योजनाओं की प्रगति और विजन 2047 के भाग के रूप में प्रस्तावित नई पहलों की समीक्षा के लिए राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के जनजातीय कल्याण विभागों के साथ 18 और 19 जुलाई, 2024 को एक कार्यशाला आयोजित की गई थी। धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान (डीएजेजीयूए) के कार्यान्वयन के लिए रोडमैप पर चर्चा करने के लिए 17 संबंधित मंत्रालयों के साथ 27.09.2024 को एक और मंथन शिविर आयोजित किया गया था। इस शिविर में मिशन के तहत विभिन्न उपायों के कार्यान्वयन के लिए रोडमैप पर क्षेत्रीय कार्यशालाएँ भी शामिल थीं।

**शिक्षा स्तर पर सुधार**–उन्होने बताया कि सरकार द्वारा समुदाय के लिए और शिक्षा के स्तर को बढ़ाने के लिए भी कई योजनाएं संचालित की जा रही है। जिसमें अनुसूचित जनजाति के छात्रों के लिए मैट्रिक-पूर्व छात्रवृत्ति, अनुसूचित जनजाति उम्मीदवारों के लिए राष्ट्रीय समुद्रपारीय छात्रवृत्तिया, अनुसूचित जनजाति के छात्रों के लिए मैट्रिकोत्तर छात्रवृत्ति (कक्षा ग्प् और उससे उपर), अनुसूचित जनजाति के छात्रों की उच्च शिक्षा के लिए राष्ट्रीय अध्येतावृत्ति और छात्रवृत्ति सहित अन्ष्य योजना के तहत चयनित उच्च श्रेणी के सरकारी और गैर-सरकारी संस्थानों में प्रबंधन, चिकित्सा, इंजीनियरिंग, सूचना प्रौद्योगिकी, कानून आदि जैसे पेशेवर क्षेत्रों में स्नातक/स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों को आगे बढ़ाने के लिए छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है। सभी अजजा छात्र जिनके माता-पिता की वार्षिक आय 6 लाख रूपये से अधिक नहीं है और मंत्रालय द्वारा अधिसूचित ऐसे 252 संस्थानों में अध्ययन करने वाले छात्र छात्रवृत्ति प्राप्त करने के लिए पात्र हैं।



# मंदसौर नगर गौरव दिवस पर नपा परिषद द्वारा संस्कृति दर्शन कार्यक्रम सम्पन्न

**मंदसौर, 09 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** दिनांक 8 दिसम्बर 2024 की शाम को तेलिया तालाब परिसर स्थित सम्राट यशोधर्मन की प्रतिमा स्थल पर मंदसौर नगर का गौरव दिवस समारोह हर्षोल्लास के वातावरण में मनाया गया। नगरपालिका परिषद मंदसौर के द्वारा दो दिवसीय गौरव दिवस कार्यक्रमों के अंतर्गत रविवार की शाम को द्वितीय दिवस सम्राट यशोधर्मन की प्रतिमा के सम्मुख कार्यक्रम के अतिथिगणों व नगरपालिका के जनप्रतिनिधियों ने दीप प्रज्वलित किये तथा उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस मौके पर नगरपालिका के द्वारा भव्य आतिशबाजी की गई। इस अवसर पर मंदसौर नगर के गौरव को बड़ाने वाले स्थानीय संगीत व नृत्य के कलाकारों के द्वारा देशभक्ति गीत संगीत के कार्यक्रम संस्कृति दर्शन की भी प्रस्तुति दी गई। सैकड़ों की संख्या में उपस्थित गणमान्य नागरिकों के सामने मालवी भाषा में मंदसौर में बन रही थारो म्हारो प्रेम फिल्म का पोस्टर भी मंच पर उपस्थित अतिथिगणों व नगरपालिका के जनप्रतिनिधियों के द्वारा लांच किया गया। मंच पर अतिथियों के उद्बोधन के पश्चात् संस्कृति दर्शन कार्यक्रम आयोजित हुआ। इसमें दिव्यांग बालिका अनामिका सोलंकी ने मनमोहक नृत्य की प्रस्तुति दी। देव कनेरिया ने अपनी बांसुरी के सुरों से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। उन्होंने लगभग 7-8 मिनट तक अपने सुरीले अंदाज में बांसुरी का वादन किया। शिवनी लोट ने ए मेरे वतन के लोगों गीत की प्रस्तुति दी। स्वाति रिछावरा ने वंदे मातरम गीत से समा बांध दिया। संस्कृति दर्शन कार्यक्रम में मिताली भिण्डवार ने घुमर नृत्य की प्रस्तुति दी। राजस्थानी शैली में आयोजित इस नृत्य को सभी ने सराहा। हुर हिन्दुस्तानी नाम की बालिका के द्वारा भी मनमोहक नृत्य की प्रस्तुति दी। नंदकिशोर राठौर ने मंदसौर नगर का गौरव गान जो उन्होंने स्वयं लिखा है वह भी सभी के सामने प्रस्तुत किया। इस मौके पर हार्दिका दुबे जो कि 8 वर्षीय बालिका है उन्होंने देशभक्ति गीत गाये जिसे सभी ने सराहा। राहुल आर्य ने अपनी स्केच कला का अद्भुत प्रदर्शन किया। इस मौके पर नपा के जनप्रतिनिधियों व अतिथिगणों के द्वारा थारो म्हारो प्रेम फिल्म का निर्माण करने वाले राजेन्द्र राठौर, सुभाषचन्द्र तिवारी, दिलीप कुमार तिवारी, मंदसौर नगर का नाम फिल्म इंडस्ट्री में गौरवान्वित करने वाले विपिन जोशी, प्रदीप शर्मा व पलक ओस्तवाल का भी स्वागत पुष्पहारों के द्वारा किया गया। इस मौके पर नपा के द्वारा द ग्रेट वारियर यशोधर्मा फिल्म के चुनिंदा दृश्य भी एलईडी के माध्यम से प्रदर्शित किये गये जिसे सभी ने सराहा।

इससे पहले मंदसौर नगर के गौरव दिवस पर नपा परिषद के द्वारा अतिथियों का स्वागत व सम्मान कार्यक्रम आयोजित हुआ। उसमें मुख्य अतिथि के रूप में राज्यसभा सांसद एवं भाजपा किसान मोर्चा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री बंशीलाल गुर्जर, भाजपा जिलाध्यक्ष श्री नानालाल अटोलिया, मंदसौर विधायक श्री विपिन जैन, पूर्व विधायक व भाजपा प्रदेश प्रवक्ता श्री यशपालसिंह सिसौदिया, समाजसेविका अनीता दीदी, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्यगण श्री बाबूलाल चौहान, श्री मुकेश काला, श्रीमती सुषमा आर्य, भाजपा सहकारिता प्रकोष्ठ प्रदेश संयोजक श्री मदनलाल राठौर, शा. महाविद्यालय जनभागीदारी समिति अध्यक्ष श्री नरेश चंदवानी, भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष श्रीमती निर्मला गुप्ता, भाजपा नेता विजय सुराणा, लोकसभा सांसद नपा प्रतिनिधि श्री कपिल भण्डारी, वरिष्ठ भाजपा नेता एवं भाजपा कार्यालय प्रभारी श्री पारस मावर, वरिष्ठ पत्रकार डॉ. घनश्याम बटवाल भी मंचासीन थे। इन सभी का स्वागत नपाध्यक्ष श्रीमती रमादेवी गुर्जर, उपाध्यक्ष श्रीमतीनम्रता चावला, क्षेत्रीय पार्षद श्रीमती गरिमा भाटी, नपा सभापतिगण निलेश जैन, दीपमाला रामेश्वर मकवाना, रमेश ग्वाला, सत्यनारायण भांभी, कौशल्या बंधवार, निर्मला चंदवानी, पार्षदगण आशीष गौड़, ईश्वरसिंह चौहान एड., प्रमिला संजय गोयल, दिव्या अनूप माहेश्वरी, रेखा राजेश सोनी ऐरावाला, नपा नेता प्रतिपक्ष रफत पयामी, बब्बन युसुफ गौरी, माया नीलमचंद भावसार, भावना जयप्रकाश पमनानी, कमलेश सिसौदिया, प्रतिभा विक्रम भैरवे, गोवर्धन कुमावत, दीपक गाजवा, भारती पाटीदार, जिला प्रेस क्लब पूर्व अध्यक्ष ब्रजेश जोशी, मुख्य नगरपालिका अधिकारी श्री सुधीर कुमार सिंह, मेला अधिकारी पी.एस. धारवे के द्वारा पुष्पहारा पहनाकर किया गया। कलेक्टर एवं एसपी भी हुए शामिल-कार्यक्रम में विशेष रूप से कलेक्टर श्रीमती अदिती गर्ग, जिला पुलिस अधीक्षक श्री अभिषेक आनन्द भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने भी मंदसैर नपा के संस्कृति दर्शन कार्यक्रम का आनंद लिया। नपाध्यक्ष श्रीमती गुर्जर एवं उपाध्यक्ष श्रीमती चावला के द्वारा उनका स्वागत किया गया। इस मौके पर नपाध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष के द्वारा गीत गायिका श्रीमती पुखराज पाण्डेय, इतिहासकार कैलाशचन्द्र पाण्डेय, वरिष्ठ समाजसेवी डॉ. घनश्याम बटवाल, ब्रजेश जोशी, श्रीमती उर्मिलासिंह तोमर, योग शिक्षक बंशीलाल टांक, नन्हे बालक पलक ओस्तवाल का भी पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में भाजपा खेल प्रकोष्ठ जिला संयोजक श्री विनय दुबेला का जन्मदिवस होने पर उनका अतिथिगणों एवं नपा के जनप्रतिनिधिगणों के द्वारा भी माला पहनाकर स्वागत किया गया तथा जन्मदिन की शुभकामनाएं दी। राज्यसभा सांसद श्री बंशीलाल गुर्जर ने मालवी भाषा में फिल्म बनाने वाली टीम को बधाई देते हुए मालवी भाषा में अपना उद्बोधन दिया और कहा कि मालवी मीठी व समृद्ध भाषा है। हमे अपने घर परिवार में मालवी बोलना शुरू करे। आपने सम्राट यशोधर्मन के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जिस हुण जाति के डर से चीन ने विशाल दीवार बनाई थी उस हुण जाति को मंदसौर के सम्राट यशोधर्मन ने पराजित किया।

## सशिमं में संकुल स्तरीय अभ्यास वर्ग सम्पन्न

**पिपलियामंडी, 09 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में विद्या भारती मालवा प्रान्त की योजना से संकुल स्तरीय आचार्य अभ्यास वर्ग सम्पन्न हुआ। पिपलियामंडी, मल्हारगढ़, नारायणगढ़ के 54 आचार्य-दीदी सम्मिलित हुए। अभ्यास वर्ग प्रात: 8 बजे प्रारम्भ हुआ जिसमे प्रथम सत्र में प्रात: स्मरण के साथ 10 मिनिट की व्यायाम श्रृखंला, योग, व्यायाम एवं समता का अभ्यास कराया। द्वितीय सत्र संवाद सत्र के रूप में आयोजित हुआ। अतिथि विद्या भारती मालवा समन्वयक राघवेन्द्र देरा, राष्ट्रीय आदर्श शिक्षण समिति अध्यक्ष बंटू भूत, वर्ग संयोजक तेजकरण वर्मा रहे। अतिथि परिचय पिपलिया प्राचार्य प्रकाश धाकड़, नारायणगढ़ के प्राचार्य अंतिम वर्मा, पिपलियामंडी की प्रधानाचार्या श्रीमती मीना वैष्णव ने कराया। विभाग समन्वयक ने सामाजिक दायित्व बोध विषय पर आचार्य दीदियों से संवाद किया। उन्होंने कहा व्यक्ति से परिवार, समाज और समाज से राष्ट्र का निर्माण होता है। हर व्यक्ति को अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करना होगा तभी एक अच्छे समाज का निर्माण हो पायेगा। स्टेज वाइज शैक्षणिक सत्र आयोजित हुआ। जिसमे विभाग आचार्य, दीदियों ने पीपीटी के माध्यम से अपने विषय का प्रस्तुतीकरण किया। वर्ग संयोजक तेजकरण वर्मा ने लेसन प्लान एवं पीपीटी निर्माण कैसे किया जाता इस विषय को प्रोजेक्टर के माध्यम से रखा। प्रायोगिक क्लास के बाद परीक्षा पर्यवेक्षक मूल्यांकन विषय पर विभाग समन्वयक ने आपस में आचार्य दीदियों से विमर्श किया गया। कल्याण मंत्र के साथ वर्ग का समापन हुआ। इस वर्ग में तीनों विद्यालय के प्राचार्य प्रधानाचार्य उपस्थित रहे।

# जीर्ण-क्षीर्ण नरसिंहपुरा पुलिया का नवीन निर्माण करवाये जाने की मांग

### नपाध्यक्ष श्रीमती गुर्जर को एडवोकेट गौरव रत्नावत ने लिखा पत्र



**मंदसौर, 09 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** नयापुरा- जीवागंज से सीधे नरसिंहपुरा को जोड़ने वाली पुलिया इन दिनों काफी जर्जर हो चुकी है और थोड़ी सी बारिश में पुलिया जल मग्न हो जाती है कई बार दुर्घटनाओं का अंदेशा भी बना रहता है। उक्त पुलिया को नगर पालिका द्वारा चौड़ी करना चाहिए और इस पुलिया की उंचाई भी बढना चाहिए ताकि वर्षा कालिन सत्र में भी यह रास्ता आरंभ रह सके क्योंकि इस मार्ग से अनेक कालोनियां और क्षेत्र जुड़े हुए हैं। करीब 50 हजार से अधिक की आबादी इस इस पुलिया का उपयोग करते हुए अपने गंतव्य की ओर आती जाती है उक्त पुलिया को तत्काल जनहित में नगर पालिका को नवीन पुलिया बनाना चाहिए।

उक्त आशय की मांग नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती रमादेवी गुर्जर को लिखे एक पत्र में सामाजिक कार्यकर्ता एवं एडवोकेट गौरव रत्नावत ने की है। एडवोकेट गौरव रत्नावत ने नगर पालिका अध्यक्ष को लिखे पत्र में उल्लेख किया कि जीवागंज से नरसिंहपुरा जाते समय उतार पर प्रकाश सक्सेना के निवास के समीप बनी पुलिया काफी जर्जर हो चुकी है पुलिया वर्तमान समय में काफी सकरी हो गई है ओर क्षेत्र की आबादी काफी बढ़ गई है अनेक नवीन कालोनियां क्षेत्र से जुड़ गई है जो इस पुलिया का उपयोग दिनभर करती है जिससे पुलिया काफी संकरी दिखाई देती है और वर्षा कालिन सत्र में नाले का पानी पुलिया के उपर आने के कारण कई बार दस दस घंटे तक यह मार्ग पुलिया जलमग्न होने के कारण भी बंद रहता है अभी हाल ही में कुछ दिनों पूर्व अचानक आई बारिश में एक व्यक्ति मोटरसाइकिल सहित पुलिया से नीचे नाले में गिर गया ऐसी घटनाएं अनेक बार होती है। एडवोकेट रत्नावत ने लिखा कि इस पुलिया का उपयोग वह भी दिन में अनेक बार आने जाने में करते हैं और इस क्षेत्र में नरसिंहपुरा मदारपुरा की एक बड़ी आबादी निवासरत है जो इस पुलिया का उपयोग करती है और वर्तमान में श्रीजी पार्क की ओर से एक नवीन कॉलोनी का रास्ता आरंभ हो गया जिससे कि राम टेकरी, महाराणा प्रताप बस स्टैंड क्षेत्र की अनेक कालोनियां सीधी जुड़ गई है इन कॉलोनीयों के और क्षेत्र के निवासी नयापुरा रोड का उपयोग ना करते हुए इसी मार्ग का उपयोग करते हैं। और इस पुलिया से उन्हें बार-बार गुजरना पड़ता है इसलिए काफी समस्या का सामना आम जनता को करना पड़ रहा है लगभग 50 हजार की आबादी वाला क्षेत्र ओर कालोनिया इस पुलिया का उपयोग करती हैं। एडवोकेट गौरव रत्नावत ने नगर पालिका अध्यक्ष को लिखे पत्र में आग्रह किया कि यह पुलिया वार्डनम्बर 17, 35, 36 के अंतर्गत आती हैं और गरीब बस्ती उन्मूलन योजना के तहत भी इस पुलिया का नवीन निर्माण हो सकता है। जनहित में आप उक्त पुलिया का जब तक नवीन निर्माण नही हो तब तक पुलिया दुरस्त करवाकर पुलिया पर रेलिंग लगवाकर होने वाली दुर्घटनाओं से निजात दिलवाए।



## देशभक्ति गीतों के साथ मनाया गौरव दिवस

**मंदसौर, 09 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** नगर की सांस्कृतिक संस्था दशपुर रंगमंच ने मंदसौर नगर के गौरव दिवस को देशभक्ति गीत गाकर मनाया।

कार्यक्रम की शुरूआत में अमित परमार ने गीत ए मेरे प्यारे वतन ए मेरे बिछड़े चमन गाकर की। सतीश सोनी ने गीत ओ मेरे देश तेरी शान पे सदके सुनाकर भारत देश को नमन किया। अभय मेहता ने गीत ए वतन-ए वतन हमको तेरी कसम गाकर मातृभूमि के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जाहिर की। नरेन्द्र सागोरे ने संदेशे आते है हमें तड़पाते है गाकर सैनिक भाईयों के हृदय की बात कही। आबिद भाई ने गीत गीत कर चले हम फिदा जानो तन साथियों सुनाया। श्याम गुप्ता ने गीत होठों पे सच्चाई रहती है गाया। राजा भैया सोनी ने गीत ये देश है वीर जवानों का गाकर कार्यक्रम में जोश भरा। ललिता मेहता ने गीत देश की धरती सोना उगले, उगले हीरे मोती को बखूबी प्रस्तुत किया। मीना जैन ने गीत ऐ मेरे वतन के लोगों , योगेश गोविन्दानी ने गीत है प्रीत जहां की रीत सदा मैं गीत वहां के गाता हूॅ को सुनाया। सीमरन बैलानी ने मशहूर गीत तेरी मिट्टी में मिल जावा गाया। कार्यक्रम का संचालन अभय मेहता ने किया व आभार ललिता मेहता ने माना।

# अभिव्यक्ति स्थल को व्यवस्थित करने हेतु बंसल ने जनप्रतिनिधियों को पत्र लिखा



**मंदसौर, 09 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** पार्षद व समाज सेवी सुनील बंसल ने नपा से मांग की है कि अभिव्यक्ति स्थल पर पेवर ब्लॉक और सुविधा घर की व्यवस्था उपलब्ध कराई जाये।

श्री बंसल ने बताया कि हाल ही में यहां हिंदू आक्रोश रैली के पूर्व हुई सभा में हजारों लोग एकत्र हुए किंतु यहां की जमीन समतल नहीं होने की स्थिति से लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। गांधी चौराहे पर आए दिन राजनीतिक धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रमो के अलावा धरना प्रदर्शन के कारण जाम जैसी स्थिति उत्पन्न हो जाती है इसीलिए महाराणा प्रताप चौराहे पर अभिव्यक्ति स्थल की स्थापना की गई किन्तु देखने में आ रहा है अभी भी ज्यादा आयोजन प्रयोजन गांधी चौराहे पर ही होते हैं। अभिव्यक्ति स्थल की भूमि अस्त व्यस्त हालत में है यहां कोई आयोजन करना पसंद नहीं करते और विगत कुछ दिनों से यहां जंगली झाड़ियां हो जाती है इससे वहां पर प्रदर्शन करने वालों को दिक्कत आती है। हिन्दू आक्रोश रैली के पूर्व यहां हुई बड़ी सभा में काफी परेशानियों का सामना लोगों को करना पड़ा। अत: नगर पालिका परिषद को चाहिए कि वहां पर एक स्थाई मंच बनाएं पूरे कैंपस में पेवर ब्लॉक लगाएं। दो रूम और सुविधा घर का निर्माण कराकर वह अभिव्यक्ति स्थल को उसमें लाइटिंग की व्यवस्था के लिए बीच में ही मार्क्स लगाया जाए। अगर रात्रि का कार्यक्रम है तो उसमें लाइटिंग की व्यवस्था भी मिले और एक निर्धारित शुल्क नगर पालिका को वहां के कैंपस के लिए भी तय करना चाहिए। पार्किंग के लिए भी अलग व्यवस्था करें ताकि एक आधुनिक खुला ऑटोडोरियम के रूप में हम उसका लाभ ले सके। श्री बंसल ने सांसद श्री सुधीर गुप्ता, राज्यसभा सांसद श्री बंसीलाल गुर्जर, विधायक विपिन जैन, नगर पालिका अध्यक्षा श्रीमती रमादेवी गुर्जर को पत्र लिखकर मांग की गई है कि उक्त प्रोजेक्ट जो कम से कम 50 लाख से अधिक का है उसमें अपनी निधि से सहायता प्रदान करेंगे तो यह काम शीघ्र नगर पालिका परिषद मंदसौर कर पाएगी।

# मंदसौर गौरव दिवस के अवसर पर एडीफाई शिशुवन स्कूल के छात्रों ने किया शैक्षणिक भ्रमण

**मंदसौर, 09 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** एडीफाई शिशुवन स्कूल से छात्रों को मंदसौर गौरव दिवस के अवसर पर शैक्षणिक भ्रमण पर ले जाया गया। शिशुवन के विद्यार्थियों को गौरव दिवस के अवसर पर तैलिया तालाब का भ्रमण कराया गया। विद्यार्थियों ने यहाँ स्थित राजा यशोधर्मन की प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित किए और श्रद्धांजलि दी एवं राजा यशोधर्मन की गौरव गाथा से परिचित हुए साथ ही एडीफाई स्कूल के छात्रों ने भी यशोधर्मन म्यूजियम (पुरातत्व संग्राहलय) मंदसौर की यात्रा की। यह भ्रमण छात्रों लिए एक अद्भुत अनुभव था। यशोधर्मन संग्रहालय मंदसौर का एक अद्वितीय संग्रहालय है, जो राजा यशोधर्मन के जीवन और उपदेशों को प्रदर्शित करता है। बच्चों ने संग्रहालय में राजा यशोधर्मन की विभिन्न मूर्तियाँ, चित्र , कलाकृतियाँऔर अन्य आकर्षक पुरातात्विक महत्व को दशार्ने वाली वस्तुएँ देखी।

संग्रहालय के कर्मचारियों ने बच्चों को बताया कि राजा यशोधर्मन एक महान राजा थे, जिन्होंने अपने शासनकाल में कई महत्वपूर्ण योगदान दिए राजा यशोधर्मन ने अपने शासनकाल में कई मंदिरों और स्मारकों का निर्माण करवाया और साहित्य, कला और संगीत को बढ़ावा दिया। उनकी गौरव गाथा और योगदान हमें आज भी प्रेरित करते हैं और हमें एक बेहतर भविष्य की दिशा में कदम बढ़ाने के लिए प्रेरित करते हैं। यह सब जानकर बच्चों ने राजा यशोधर्मन की प्रतिमा को नमन कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। यह यात्रा बच्चों लिए एक अद्भुत अनुभव वाली रही। उन्हें इस शैक्षणिक भ्रमण ने उत्साह से भर दिया। छात्रों के मनोरंजन के साथ-साथ मानसिक विकास एवं सामान्य ज्ञान में वृद्धि के लिए विद्यालय समय-समय पर ऐसे शैक्षणिक भ्रमण के आयोजन के लिए हमेशा तत्पर रहता है।

## मंदसौर मंडी भाव

| उपज | आवक बोरी में | न्यूनतम | अधिकतम |
|---|---|---|---|
| मक्का | 47 | 2233 | 2366 |
| उडद | 18 | 5555 | 6901 |
| सोयाबीन | 4424 | 3560 | 4311 |
| गैहु | 1834 | 2751 | 3100 |
| चना | 231 | 5451 | 6299 |
| मसुर | 77 | 5301 | 5901 |
| धनिया | 172 | 5781 | 7251 |
| लहसुन | 12000 | 10500 | 29500 |
| मैथी | 380 | 4399 | 5950 |
| मुंगफली | 4000 | 3701 | 5281 |
| अलसी | 1248 | 5702 | 6070 |
| सरसो | 240 | 4801 | 5771 |
| तारामीरा | 0000 | 0000 | 0000 |
| इसबगोल | 62 | 7777 | 12393 |
| प्याज | 15000 | 1520 | 4040 |
| कलोंजी | 16 | 11352 | 17999 |
| तुलसी बीज | 12 | 16000 | 18496 |
| डॉलर | 42 | 10000 | 12021 |
| तिल्ली | 32 | 10750 | 12201 |
| जौ | 0000 | 0000 | 0000 |
| मटरसुखी | 3 | 6550 | 6751 |
| असालीया | 4 | 11050 | 12001 |
| चियाबीज | 52 | 8001 | 15101 |

## साठ किलो डोडाचूरा में धराए 3 आरोपी पुलिस रिमांड पर, 2 फरार

**पिपलियामंडी, 09 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** स्थानीय पुलिस ने 60 किलो डोडाचुरा समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। वही दो आरोपी फरार है। एनडीपीएस एक्ट कोर्ट ने आरोपियों को पांच दिन पुलिस रिमांड पर सोपने के आदेश दिए है। पिपलियामंडी टीआई विक्रमसिंह इवने ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर वाहन चैकिंग के दौरान कनघट्टी पोवल्ली फंटे पर मारूती स्वीफ्ट कार क्रमांक MP.09.CC.2910 को रोका । जिसमे ड्रायवर सीट पर जगदीश पिता मालूराम पाटीदार निवासी दांतीवास थाना बिनमाल जिला जालौर राजस्थान, साईड की सीट पर गुडभेली बड़ी निवासी परमेश्वर पिता कैलाशचन्द्र पाटीदार व पीछे की सीट पर पुष्कर पिता कन्हैयालाल पाटीदार बैठे मिले। कार की तलाशी लेने पर 03 प्लास्टिक के कट्टे मे भरा 60 किलोग्राम डोडाचुरा मिला। पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज किया। डोडाचूरा व कार को जप्त किया। पुलिस पूछताछ के दौरान आरोपियों ने डोडाचूरा किशन पिता भंवरलाल पाटीदार व दिलीप पिता भेरूलाल पाटीदार दोनो निवासी गुडभेली से लेना बताया। पुलिस ने इन दोनों पर भी केस दर्ज किया है। जो फरार है। इनकी पुलिस तलाश के रही है।


## कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) जिला मंदसौर म.प्र.

E-Mail-modgmman@mp.gov.in

क्रमांक/1660/खनिज/2024 मंदसौर, दिनांक-04.12.2024

म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम, 18(1-क) के अंतर्गत उत्खनिपट्टा प्राप्त करने के लिए

//// प्रथम सूचना ////

यह सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री जितेन्द्र कुमार व्यास पिता भवानीशंकर व्यास निवासी चंगेरी, तहसील मल्हारगढ़, जिला मंदसौर द्वारा क्रेशर मशीन लगाकर गिट्टी बनाने एवं विक्रय के लिए पत्थर खनिज का उत्खनिपट्टा प्राप्त करने हेतु निम्न क्षेत्र पर आनलाईन आवेदन पत्र दिनांक 28.11.2024 को प्रस्तुत किया गया है। दिनांक 08.01.2025 तक इस क्षेत्र पर यथा स्थित उत्खनिपट्टा आवेदन आन लाईन आमंत्रित किये जाते है। आवेदन ई-खनिज पोर्टल https://ekhanij.mp.gov.in पर प्रस्तुत किये जायेंगे।

### आवेदन का संक्षिप्त विवरण

| जिला | तहसील | ग्राम | खसरा नं. | रकबा | भूमि का प्रकार (शासकीय/निजी) | खनिज का नाम | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मंदसौर | मल्हारगढ़ | सुठोद | 409/1 | 3.900 है. | शासकीय | गिट्टी पत्थर एवं एम सेड़ (क्रेशर आधारित) | --- |

1. उपरोक्त प्रस्तुत आनलाईन आवेदन पत्र में आवेदित क्षेत्र के संबंध में अन्य इच्छुक आवेदकों से विज्ञप्ति प्रकाशित होने की तारीख से आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 08.01.2025 तक कार्यालयीन समय सायं 5.30 बजे तक आनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। 2. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरान्त आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि तक 03 अथवा उससे अधिक अन्य आवेदकों के आवेदन प्राप्त होते है, तो प्रथम आवेदन पत्र एवं प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम, 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा। 3. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति में उल्लेखित आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि तक 03 से कम आवेदन पत्र प्राप्त होते है तो पुनः 15 दिवस की अवधि आवेदन प्राप्त करने हेतु निर्धारित कर विज्ञप्ति प्रकाशित की जाएगी। उपरोक्त अवधि में प्राप्त आवेदन पत्र एवं पूर्व प्रकाशित विज्ञप्ति की अवधि के दौरान प्राप्त आवेदन पत्र को मप्र गौण खनिज नियम 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा। 4. यदि प्रथम एवं द्वितीय प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरान्त भी निर्धारित समयावधि में अन्य कोई आवेदन पत्र प्राप्त नहीं होता है तो प्रथम आवेदक के पक्ष में नियमानुसार खनि रियायत स्वीकृति पर विचार किया जा सकेगा। 5. निर्धारित समयावधि के उपरान्त प्राप्त आवेदन पत्रों को विचार में नहीं लिया जाएगा।

प्रभारी अधिकारी
खनिज शाखा जिला मंदसौर म.प्र.

G-19970/2023 दुर्घटना से रखनी दूरी है तो हेलमेट सबसे जरूरी है।



## कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) जिला मंदसौर (म.प्र.)

E-mail - modgmman@mp.gov.in

क्रमांक/1654/खनिज/2024 मंदसौर, दिनांक 04.12.2024

//// सूचना ////

(म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम, 18-क)

यह सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री दीपक पाटीदार पिता पप्पु कुमार पाटीदार निवासी चिल्लोद पिपलिया, तहसील मल्हारगढ़, जिला मंदसौर द्वारा म.प्र. गौण खनिज नियम, 1996 के नियम 18-क के तहत उत्खनिपट्टा नवकरण प्राप्त करने हेतु आनलाईन आवेदन पत्र दिनांक 20.11.2024 को प्रस्तुत किया गया है। प्रस्तुत आवेदन पत्र का संक्षिप्त विवरण निम्नानुसार है-

### ✻ आवेदन का संक्षिप्त विवरण ✻

| जिला | तहसील | ग्राम | खसरा नं. | रकबा | भूमि का प्रकार निजी/अन्य भूमि स्वामी की सहमति प्राप्त | खनिज का नाम | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मंदसौर | मल्हारगढ़ | सोकड़ी | 12 | 1.870 हे. | शासकीय | गिट्टी पत्थर एवं एम. सेण्ड (क्रेशर आधारित) | --- |

उपरोक्त प्रस्तुत आनलाईन पत्र में आवेदित क्षेत्र के संबंध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो अथवा इस संबंध में कोई अन्य दावा प्रस्तुत करना चाहता हो तो इस सूचना के प्रकाशित होने की तारीख से 30 दिवस के भीतर कार्यालय कलेक्टर, खनिज शाखा, जिला मंदसौर में आपत्ति का लेख/कारण दर्शाते हुए लिखित रुप से प्रमाण सहित प्रस्तुत करें। नियत अवधि के उपरान्त प्रस्तुत किसी भी आपत्ति/दावे पर विचार नहीं किया जाएगा।

प्रभारी अधिकारी
खनिज शाखा जिला मंदसौर म.प्र.

G-19982/24 देर से घर आए लेकिन दुरूस्त आए, धीरे चले सुरक्षित चले।

# अभी काट रहे हरे वृक्ष, फिर पानी के लिए करेंगे प्रार्थना..!





**मंदसौर, 09 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** हर साल बारिश की खेंच और अल्पवर्षा का परिणाम किसानों को नुकसान के रूप में तो आम आदमी को महंगाई के रूप में भुगतना पड़ रहा है। इधर हरे वृक्षो की अवैध कटाई की जा रही है। वृक्षों की कटाई कर पानी के लिए प्रार्थना की जा रही है। कुछ समय पहले बड़े अस्पताल में हरे वृक्षो की कटाई का मामला सामने आया था। जिसमें कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद नई आबादी के एक मुख्य मार्ग पर एक हरे भरे पेड़ को काट दिया गया। दोनों ही मामलों ने सोशल मीडिया पर इन मामलो ने काफी सुर्खियां बटौरी थी। एक बार फिर मेघदूत नगर सार्वजनिक रोड पर दो हरे भरे पेड़ो को काट दिया गया। बताया जाता है कि निर्माणाधीन मकान की आड़ में आने के कारण इन्हें काटा गया। सोशल मीडिया पर यह भी वायरल हुआ।

इधर लगातार हो रही पेड़ो की कटाई से वन क्षेत्र कम होकर हरियाली उजड़ रही है। जिले में तो हालत यह है कि रेवास-देवडा क्षेत्र से लगे जंगलों में अच्छी खासी हरियाली को उजाडक़र एक कंपनी को 95 हेक्टेयर भूमि पवन चक्की लगाने के लिए दे दी गई। बदले में इतनी ही जमीन शामगढ़ क्षेत्र के हनुमंत्या में दी गई है पर राजस्व की पथरीली भूमि होने से अभी यहां ठीक से पौधारोपण भी नहीं हुआ है। इतना घना वन लगाने में वहां सालों लग जाएंगे। वन विभाग के आकड़ों में भी 59,194 हेक्टेयर में फैले वन क्षेत्र के घनत्व में 3 प्रश तक की कमी बताई जा रही है। शहरी क्षेत्रों में लाखों रुपए खर्च कर पौधे लगाने के बाद भी सकारात्मक परिणाम नहीं मिल पा रहे हैं।

बता दें कि जुलाई 2014 में पौधे लगाकर गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड में रिकॉर्ड दर्ज कराकर इतिहास बनाने का सपना देखा गया। 1.35 लाख पौधे लगाने का दावा किया गया। जिले में 101 जगहों पर पौधे लगाए गए। जिसमें 47 सरकारी विभागों के अलावा 48 निजी संस्थाओं को भी पौधे दिए गए। डाइट परिसर में 500 पौधे लगाए गए। लेकिन, सकारात्मक परिणाम नहीं मिल पाया। देखरेख के अभाव में एक भी पौधा नहीं चल पाया। यही स्थिति अन्य जगहों पर भी हुई।

**कागजों में बरकरार वन क्षेत्र**-जिले में पिछले 20 सालों से वन क्षेत्र का रकबा 59,194 हेक्टेयर ही चला आ रहा है। इसमें 18 हजार हेक्टेयर तो अकेले गांधीसागर अभयारण में ही फैला हुआ है। कागजों पर वन क्षेत्र इतना ही चला आ रहा है। लेकिन, वन क्षेत्र के घनत्व में कमी आई है। वन क्षेत्र को घनत्व के आधार पर तीन भागों में बांटा गया है। 0.2 घनत्व वाला क्षेत्र बढक़र 42.68 प्रश से बढक़र 42.76 प्रश हो गया है। इससे ज्यादा घनत्व वाले वन में पेड़ों की संख्या कम हो गई है। 0.2 से 0.4 घनत्व का क्षेत्र 43 प्रश से घटकर 40.92 प्रतिशत हो गया है। 0.4 घनत्व वाले वन क्षेत्र में 20 साल पहले 14.29 प्रतिशत था जो अब घटकर 13.98 प्रश रह गया है।

**अच्छा-खासा जंगल उजाड़ डाला**-केंद्र सरकार से विंड वर्ल्ड कंपनी के 55.2 मेगावॉट पवन उर्जा परियोजना के अनुबंध के बाद मंदसौर से लगभग 12 किमी दूर रेवास-देवडा क्षेत्र में 95.3825 हेक्टेयर वन भूमि देने के आदेश 19 जनवरी 2015 को प्रधान मुख्य वन संरक्षक ने दिए थे। भूमि पर होने वाले वन के नुकसान के लिए कंपनी ने 2 करोड़ 71 लाख 85 हजार रुपए जमा कराए है। जिसका उपयोग कटाई के बदले नए पेड लगाने पर किया जाना था। कंपनी से किए गए अनुबंध में स्पष्ट लिखा है बहुत ज्यादा जरूरी होने पर ही वन अधिकारी की मौजूदगी में पेड काटे जाए पर जालसाजी करते हुए पूरे 95 हेक्टेयर वन भूमि पर कंपनी ने काटने के लिए कागजों में केवल 1249 पेड़ चिन्हित किए हैं। जबकि, इस क्षेत्र में 3-4 हजार पेड थे।

**यह है वन घनत्व में कमी के कारण**-✻ योजनाओं का ठीक तरीके से क्रियान्वयन नहीं होना। ✻ बीते कुछ सालों में बारिश कम होना। ✻ पौधे लगाने के बाद देखरेख का अभाव।



## सभी खिलाड़ी अनुशासन के साथ खेले-उप मुख्यमंत्री

### श्री देवड़ा ने राष्ट्रीय हॉकी चैंपियनशिप प्रतियोगिता का शुभारंभ किया

**मंदसौर, 09 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** उप मुख्यमंत्री श्री जगदीश देवडा ने नूतन स्टेडियम में 68 वीं राष्ट्रीय स्तर हॉकी चैंपियनशिप प्रतियोगिता का शुभारंभ किया।

ध्वजारोहण कर राष्ट्रगान के साथ प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। इसके बाद सरस्वती एवं मेजर ध्यानचंद के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन किया । संस्कृतिकार्यक्रमकीप्रस्तुतिभीदीगई। खिलाड़ी द्वारा मार्च फास्ट निकाला गया । हॉकी खिलाड़ी सराहना राठोर द्वारा खेल की शपथ दिलाई गई। उप मुख्यमंत्री ने खिलाड़ियों एवं कोच से परिचय प्राप्त किया। यह प्रतियोगिता 9 दिसंबर से 13 दिसंबर तक आयोजित होगी । इस प्रतियोगिता में 26 राज्यों के 474 खिलाड़ी भाग लेंगे। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती दुर्गा विजय पाटीदार, मंदसौर विधायक श्री विपिन जैन, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती रमादेवी बंशीलाल गुर्जर, कलेक्टर श्रीमती अदिति गर्ग, पुलिस अधीक्षक श्री अभिषेक आनंद, नगर पालिका उपाध्यक्ष श्रीमती नम्रता प्रीतेश चावला, स्थानीय जनप्रतिनिधी, कोच एवं खिलाड़ी मौजूद थे। शुभारंभ अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्री देवडा ने कहा यह हमारे लिए गौरव की बात है कि 26 राज्यों के टीम हमारे जिले में खेलने के लिए आई है। सभी खिलाड़ियों का अभिनंदन किया। उन्होंने कहा कि यह खिलाड़ी हमारे देश का भविष्य है। सभी खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी अपने देश का नाम रोशन करें। हमारे खिलाड़ियों ने बहुत से गोल्ड मेडल लिए हैं। सभी खिलाड़ी खेल भावना से खेल खेले। विजय पराजय तो होती रहती हैं, लेकिन अनुशासन से खेले। कोई भी खिलाड़ी निराश ना हो।



## युवा निराशा और हताश कभी ना हो, मेहनत करने वाले को सफलता जरूर मिलती है-उप मुख्यमंत्री

### श्री देवड़ा ने मल्हारगढ़ में रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप मेला का शुभारंभ किया

**मंदसौर, 09 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** उप मुख्यमंत्री श्री जगदीश देवड़ा ने मल्हारगढ में रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप मेला का शुभारंभ किया। कार्यक्रम का शुभारंभ उपमुख्यमंत्री ने सरस्वती पूजन एवं कन्या पूजन कर किया। इस दौरान उपमुख्यमंत्री श्री देवड़ा ने रोजगार मेले में 15 कंपनियों एवं आठ विभागों के स्टालों का अवलोकन किया। वहां पर उपस्थित रोजगार देने वाले कर्मचारियों, अधिकारियों से संवाद किया। रोजगार मेले में उप मुख्यमंत्री ने युवाओं को जॉब ऑफर लेटर प्रदान किए। मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना अंतर्गत हितग्राहियों को ऋण स्वीकृति पत्र वितरित किए। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत 25 स्व सहायता समूह की महिलाओं को 50 लाख का ऋण वितरण चेक प्रदान किया। विभिन्न विभागों के हितग्राहियों को योजनाओं का हित वितरण प्रदान किया। सामाजिक न्याय विभाग अंतर्गत दिव्यांग जनों को स्वचालित ट्राईसाईकिल एवं हाथ से चलने वाली ट्राई साइकिल प्रदान की।





रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप मेले में उप मुख्यमंत्री ने कहा कि युवाओं को रोजगार मेलों का लाभ उठाना चाहिए। रोजगार मेलों में किन विभागों को इंस्टॉल लगे हैं। सरकार द्वारा कौन योजनाएं चलाई जा रही हैं, उनसे युवाओं को क्या लाभ प्राप्त हो सकता है, उसके बारे में विस्तार से जानना चाहिए। रोजगार मेले के साथ-साथ युवाओं को विभागों में जाकर भी अधिकारियों से योजनाओं के बारे में जानकारी लेना चाहिए। युवाओं को निराशा और हताश कभी नहीं होना चाहिए। कभी हार नहीं माननी चाहिए, जो मेहनत करता है उसको सफलता जरूर मिलती है। सभी युवा ध्यान से और मन लगाकर पढ़ाई करें। पढ़ाई को पूरी गंभीरता के साथ लेना चाहिए। वर्ष 2047 तक भारत विकसित भारत होगा। विकसित देशों में भारत नंबर वन होगा, उसके लिए सरकार लगातार संकल्पित है और यह कार्य हम सबको मिलकर करना होगा। आर्थिक ताकत हमारी सबसे बड़ी ताकत होना चाहिए। आज भारत विश्व की पांचवी बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश है। सरकार ने विकास में कोई कसर नहीं छोड़ी है। पूरे देश की चिंता करके सरकार ने विकास के काम किए हैं। इलाज का प्रबंध किया है। आयुष्मान कार्ड बनाया है, अब तो 70 से अधिक उम्र वाले सभी व्यक्तियों के आयुष्मान कार्ड बन रहे हैं।

**उप मुख्यमंत्री ने ग्राम उजागरिया में हितग्राहियों को सिलाई मशीन वितरण की**-उप मुख्यमंत्री श्री जगदीश देवडा ने मल्हारगढ विधानसभा क्षेत्र का गांव उजागरिया में हितग्राहियों को सिलाई मशीन वितरण की। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ने कहा कि बहनों को सिलाई मशीन प्रदान करके बहनों को आत्मनिर्भर बनाने के क्षेत्र में सराहनीय कार्य किया गया है। इस तरह के कार्य सभी गांव वालों को करना चाहिए। जिससे महिलाएं भी अपने पैरों पर खडी हो सके। इस कार्य के लिए सभी बहनों को शुभकामनाएं प्रदान की। उन्होंने कहा कि इस तरह से किसी की मदद करने की पहल सभी को करना चाहिए। उन्होंने स्वच्छता का संदेश देते हुए कहा कि, हम सभी को साफ सफाई का ध्यान रखना चाहिए। अगर आसपास कचरा हो तो उसको उठाकर डस्टबिन में रखना चाहिए। अपने आसपास बिल्कुल गंदगी ना रहने दे। हमारा गांव प्लास्टिक मुक्त हो ऐसी हम सबको प्रयास करने चाहिए। हम सभी को अपने-अपने गांव पर गर्व होना चाहिए।

## आज होगा नवीन जिला भाजपा कार्यालय का भूमि पूजन

### मुख्यमंत्री, प्रदेश प्रभारी, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष, संगठन महामंत्री, उपमुख्यमंत्री सहित जनप्रतिनिधि रहेंगे उपस्थित

**मंदसौर, 09 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष नानालाल अटोलिया ने बताया कि आज दिनांक 10 दिसंबर 2024 को प्रात: 11:30 बजे बाईपास स्थित हॉकी टर्फ मैदान के सामने भारतीय जनता पार्टी जिला मंदसौर के नवीन भाजपा जिला कार्यालय का भूमि पूजन प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव, मध्यप्रदेश भाजपा संगठन प्रभारी महेंद्र सिंह, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा, प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा, उपमुख्यमंत्री जगदीश देवडा के मुख्य आथित्य एंव सांसद सुधीर गुप्ता, राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर, जिला पंचायत अध्यक्ष दुर्गा पाटीदार, विधायक गण हरदीप सिंह डंग, चंदरसिंह सिसोदिया, पूर्व विधायक गण यशपाल सिंह सिसोदिया, देवीलाल धाकड, कैलाश चावला, राजेन्द्र सिंह सिसोदिया, राधेश्याम पाटीदार, नपा अध्यक्ष रमादेवी गुर्जर सहित जिले के अन्य जनप्रतिनिधि गणों की गरिमामय उपस्थिति में संपन्न होगा। जिले के समस्त मंडल अध्यक्ष और जिला पदाधिकारी गण बंधुओ से आग्रह है कि इस कार्यक्रम में अपने-अपने मंडल क्षेत्र से बूथ समिति के साथ-साथ समस्त वरिष्ठजनों की कार्यक्रम में उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

## पूज्य सिंधी जनरल पंचायत के अध्यक्ष पद के निर्वाचन हेतु कार्यक्रम की घोषणा

**मंदसौर, 09 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** पूज्य सिंधी जनरल पंचायत के अध्यक्ष पद हेतु निर्वाचन कार्यक्रम की अधिकारिक घोषणा निर्वाचन अधिकारी पुरुषोत्तम शिवानी ने करते हुए एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि अभ्यर्थी नियोजन फार्म निर्वाचन कार्यालय से दिनांक 16 दिसंबर 2024 से 20 दिसंबर तक शाम को 5-30 बजे से 6-30 बजे तक निर्धारित शुल्क 10/- रुपये जमा कर प्राप्त कर सकते हैं। श्री झूलेलाल सिन्धु महल में सोमवार दिनांक 16 दिसंबर सोमवार 2024 से 05 जनवरी रविवार 2025 तक चुनाव कार्यालय बनाया गया है, जहां पर सम्पूर्ण चुनाव प्रक्रिया सम्पन्न कि जावेगी।

शिवानी ने बताया कि पूज्य सिंधी जनरल पंचायत के अध्यक्ष पद हेतु तीन वर्षों के लिए निर्वाचन होना हैं, इसके लिए दिनांक 20 दिसंबर शुक्रवार को शाम 4 से 6 बजे तक फार्म भरने की प्रक्रिया होगी जिसमें अभ्यर्थी निर्धारित शुल्क रुपए 2100/- जमा कर रसीद संलग्न करके जमा कर सकेंगे। शाम 6.30 से 7 बजे तक नियोजन पत्रों की जांच कर वैध नियोजित पत्रों की सूची का प्रकाशन किया जाएगा। दिनांक 21 दिसंबर से 23 दिसंबर 2024 तक तीन दिवस शाम को 4 से 6 बजे तक उम्मीदवार फार्म वापसी ले सकेंगे। एक से अधिक उम्मीदवार होने पर रविवार दिनांक 5 जनवरी 2025 रविवार को सुबह 9.30 से शाम 4 बजे तक गुप्त मत पत्रों से मतदान होगा, मतदान प्रक्रिया पूर्ण होने के एक घण्टे उपरांत मतों की गणना कर परिणाम घोषित किया जाएगा। शिवानी ने बतलाया सिन्धी समाज के पुरुष जो 18 वर्ष कि उम्र के है वे सभी आईडी प्रूफ बतलाकर मतदान कर सकेंगे निर्वाचन समिति के सदस्य गिरधारी लाल (काऊ) जजवानी, रमेश सतीदासानी, राजेश ज्ञानानी, ललित माखिजा ने अधिक से अधिक मतदान करने का आग्रह किया है।

## मंदसौर दवा प्रतिनिधि की वार्षिक बैठक संपन्न



**मंदसौर, 09 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** मध्य प्रदेश छत्तीसगढ़ मेडिकल एंड सेल्स रिप्रेजेंटेटिव्स यूनियन की मंदसौर शाखा की वार्षिक बैठक राज्य सचिव पंकज साहू की उपस्तिथि में सांवरिया सरोवर स्थान पर हुई। जिसमे राज्य सचिव द्वारा राज्य के द्वारा दिए गए यूनियन के सभी कार्यक्रमों को करने के लिए और राज्य स्तरीय बैठक में मंदसौर यूनिट से सहभागिता के लिए कहा गया।

सांवरिया सरोवर सिंदपन में क्रिकेट और विभिन्न कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। कार्यकारणी बैठक में कार्यसमिति के सदायगणों द्वारा सचिव रिपोर्ट और कोषाध्यक्ष रिपोर्टपर चर्चा की गई। यूनियन अध्यक्ष दिनेश चंदवानी ने सभी दवा प्रतिनिधि को अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने को कहा। सचिव मयंक चुनेकर द्वारा साल 2024 में किए गए कार्यों का विवरण दिया गया। कोषाध्यक्ष कमलेश कच्छावा द्वारा 2023 का लेखा जोखा प्रस्तुत किया गया और सदस्यता संख्या बड़ाने का आहवान किया। आगामी महीने में कटनी में होने वाली जनरल काउंसिल मीटिंग में सहभागिता के लिए दिनेश चंदवानी, मयंक चुनेकर और कमलेश कच्छावा के नाम तय किए गए। बैठक में 80 की संख्या में दवा प्रतिनिधि शामिल हुए। जिसमे उपेंद्र रॉय, महेश धनोतिया, विनोद गुप्ता, आशीष जैन, संदीप भावसार, विकास कुमार, चंद्रशेखर शर्मा, कौशल आर्य, हेमंत चंदेल, जितेंद्र सिंह जाट, बिजेंद्र झा, गौतम कुमार, भगवान माली, महेश गुप्ता, दिलीप प्रजापत, अनिल प्रजापत, दीपक गोयल, धर्मवीर सिंह, अनिल बैरागी, पंकज चौधरी, प्रफुल्ल पाटीदार, नवीन शर्मा, मयूरेश व्यास, अभिषेक तिवारी, जय राठौर, श्याम मीना, अभिषेक कुमार, लोकेंद्र पांडे, आयुष जैन, विकास गोस्वामी, जाहिर मंसूरी, अक्षय कुमावत, भरत बामनिया, जितेंद्र सिंह, दशरथ माली, सुरेंद्र सिंह, नितेश कुमार, अंकित गुप्ता, प्रमोद गुप्ता, अजय कुमावत धीरज गुप्ता, रघुवीर सिंह इत्यादि शामिल थे।

## एक घंटा बंद रही आईआरसीटीसी की वेबसाइट

**मंदसौर, 09 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** सोमावर सुबह रेलवे के यात्री अचानक आईआरसीटीसी की वेबसाइट बंद होने से परेशान हो गए। जब वे लागिन कर रहे थे तो वेबसाइट ही नहीं ओपन हो रही थी। इस दौरान टिकटों की ऑनलाइन बुकिंग, कैंसिलेशन, तत्काल टिकट की बुकिंग बंद हो गई। इसके पीछे मेंटेनेंस बताया जा रहा है। इधर, वेबसाइट ठप होने के बाद कई जगह रेलवे स्टेशनों पर मौजूद टिकट विंडो पर भीड़ लगने लगी।

भारतीय रेलवे की ऑनलाइन टिकट बुकिंग सोमवार को कुछ समय के लिए बंद हो गई। उनका बुकिंग प्लेटफॉर्म आईआरसीटीसी ही ठप्प हो गई। सुबह तत्काल बुकिंग विंडो खुलते ही आईआरसीटीसी का सर्वर डाउन हो गया। हालांकि, इसके पीछे मेंटेनेंस कारण बताया गया। एक घंटे तक यह स्थिति बनी रहने को कहा गया। इस दौरान मध्यप्रदेश से यात्रा करने वाले कई यात्री तत्काल टिकिट बुकिंग नहीं कर पाए। वहीं आने वाले दिनों में छुट्टियों के लिए टिकट कराने वाले यात्री भी परेशान रहे। वेबसाइट बंद होने की वजह से कई यात्री स्टेशनों के टिकट काउंटर पर विंडो टिकट करवाने पहुंच गए। वहां भी काफी देर तक यात्री लाइन में परेशान होते देखे गए।

जब सोशल मीडिया पर लोगों ने इसकी शिकायत की तो आईआरसीटीसी की ओर से इस बारे में कोई जानकारी नहीं दी गई। आईआरसीटीसी की वेबसाइट पर जरूर मैसेज में लिखा गया है कि मेंटेनेंस वर्क की वजह से एक घंटे तक ई टिकिटिंग की सेवा बंद रहेगी। वहीं टिकट कैंसिलेशन, टीडीआर फाइल करने के लिए लोगों को कस्टमर केयर नंबर पर फोन करने और ईमेल करने को कहा गया।

**हर दिन रात में होता है मेंटेनेंस**-आईआरसीटीसी की वेबसाइट पर हर दिन रात में मेंटेनेंस होता है। ऐसे में सुबह अचानक इस संदेश को देख यात्री हैरान रह गए थे। जावरा के रमेश पोरवाल ने कहा कि जब रात में मेंटेनेंस के लिए एक घंटा वेबसाइट बंद रहती है तो दिन में वो भी वर्किंग अवर्स में मेंटेनेंस का क्या लाजिक है।

**कहीं साइबर अटैक तो नहीं**-सुबह मेंटेनेंस का कारण यात्री समझ नहीं पाए। यात्रियों का कहना है कि कहीं साइबर अटैक तो नहीं। क्योंकि सुबह 10 बजे एसी तत्काल के लिए टिकट बुकिंग होती है। वहीं 11 बजे से नान एसी की बुकिंग होती है। यह दोनों ही बुकिंग नहीं हो पा रही थी।


कार्यालय सम्पदा प्रबंधक
म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल मंदसौर

**नामान्तरण -सूचना**

**मण्डल की आवासीय कॉलोनी संजीत मार्ग मंदसौर स्थित भवन क्रमांक EWS.B-189 श्री नेमीचन्द पाटनी पिता श्री केसरीमल पाटनी को मंडल आदेश क्रमांक 13324 दिनांक 03.12.1982 द्वारा आबंटित किया गया था। इनके द्वारा उक्त भवन का विक्रय विलेख दिनांक 14.02.1996 को उप-पंजीयक कार्यालय में निष्पादित करवाया गया था। इनके द्वारा उक्त भवन का विक्रय श्री महेन्द्र कुमार मान्दलिया पिता श्री मांगीलाल मान्दलिया को कर विक्रय पत्र दिनांक 16.02.1996 को इनके पक्ष में पंजीयन निष्पादित करवाया गया था। श्री महेन्द्र कुमार मान्दलिया पिता श्री मांगीलाल मान्दलिया द्वारा भवन का विक्रय श्री सत्यनारायण समदानी पिता श्री जगदीशचन्द्र समदानी को कर विक्रय पत्र दिनांक 25.10.2010 को इनके पक्ष में पंजीयन निष्पादित करवाया गया था। मूल आवंटी एवं द्वितीय विक्रेता का अता-पता नहीं होने से मण्डल अधिवक्ता से सर्च रिपोर्ट दिनांक 26.10.2024 को प्राप्त कर ली गई है। उक्त सर्व रिपोर्ट, विक्रय पत्र एवं प्रस्तुत दस्तावेजो के आधार पर उक्त भवन का नामांतरण श्री सत्यनारायण समदानी पिता श्री जगदीशचन्द्र समदानी अपने नाम करवाना चाहते है।**

**अत: इस सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति/संस्था/परिवार के सदस्य/वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति/उर्ज हो तो वह विज्ञापन प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस में मय ठोस प्रमाण के कार्यालय में प्रस्तुत करे समयावधि व्यतीत हो जाने पर उक्त भवन श्री सत्यनारायण समदानी पिता श्री जगदीशचन्द्र समदानी के नाम कर दिया जावेगा उसके पश्चात कोई भी दावा आपत्ति/उर्ज मान्य नहीं होगा।**

**(रिपुदमन सिंह चंद्रावत)सम्पदा प्रबंधक**
**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल मंदसौर (मप्र)**


### आंख में मिर्च पावडर झोंक... पेज 1 से जारी

में मिर्च झोंककर आरोपी मुझे साइड में ले गए और मारपीट करने लगे। डर से उन्हें बैग में रखी दुकान की करीब 50 हजार रुपए की सिल्लक बदमाशों को दे दी। बदमाश उसके रुपए और गले मे पहनी सोने की चेन ले गए। इसके बाद मैंने परिजनों को घटना की जानकारी दी। पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ लूट का मामला दर्ज कर लिया है।


**कार्यालय अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी मंदसौर (मप्र)**

**क्रमांक क्यू** **मंदसौर, दिनांक 09.12.2024**

**विज्ञप्ति**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि वाहन क्रमांक एमपी 14 सीसी 0391 जो कि परिवहन कार्यालय मंदसौर में रमेशचंद्र सोनी पिता बापूलाल सोनी निवासी-होली किलारोड मंदसौर, जिला मंदसौर के नाम से पंजीकृत है।

यह सूचित किया जाता है कि वाहन स्वामी की मृत्यु हो चुकी है इसलिए उक्त वाहन का अंतरण अपने नाम से करने हेतु उनकी पत्नी श्रीमती कल्पना पति स्व. रमेशचंद्र सोनी निवासी होली किला रोड, जिला मंदसौर ने इस कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया है। इस संबंध में जिस व्यक्ति को आपत्ति हो वह विज्ञप्ति प्रकाशन के सात दिवस के अंदर इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि के पश्चात प्रस्तुत किसी आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा। अंतरण आवेदक के नाम पर कर दिया जावेगा।

**अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी, मंदसौर**



In The Court Of V Civil Judge Class-II, District Court, Mandsaur
Presiding Officer: श्रीमती प्राची पांडे मट्टा
**(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया सहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)**
(RCS A/0000458/2022)
**मेसर्स आजना कंस्ट्रक्शन केसुदा द्वारा आम. संजय माथुर............ वादी**
**विरुद्ध ओमप्रकाश दमानी द्वारा-कमल पाटीदार....... प्रतिवादी**

Process Id-/2024
पेशी दिनांक: 30/01/2025

प्रेषिती-
(1) ओमप्रकाश दमामी द्वारा कमल पाटीदार अन्य मांगीलाल पाटीदार
पता- इलेक्ट्रिक मेटर वाइडिंग की दुकान पुलिस सहायता केन्द्र के पास दलौदा मंदसौर
(2) कमल पाटीदार अन्य मांगीलाल, पता-सेमलिया हीरा तहसील दलौदा जिला मंदसौर मप्र

यह कि प्रार्थी मेसर्स आंजना कंस्ट्रक्शन केसुदा द्वारा मु आम. संजय माथुर ने आपके विरूद्ध व्यवहार वाद अ के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात/हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें।

यह आज तारीख 06 December 2024 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।
न्यायालय की मुद्रा
टिप्पणी:-0

प्राची पाण्डेय मट्टा
पंचम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड, मंदसौर (म.प्र.)

कृपया ध्यान दें:- 1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्य दिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।



In The Court Of V Civil Judge Class-II, District Court, Mandsaur
Presiding Officer: श्रीमती प्राची पांडे मट्टा
**(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया सहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)**
(RCS A/0000456/2022)
**मेसर्स आजना कंस्ट्रक्शन के द्वारा आम- संजय माथुर............ वादी**
**विरुद्ध कंवरलाल राठौर ....... प्रतिवादी**

Process Id-/2024
पेशी दिनांक: 30/01/2025

**प्रेषिती-**
**(1) कंवरलाल राठौर पिता शंकरलाल पता- पुरानी पुलिस चौकी के पास दलौदा मंदसौर म.प्र.**
**यह कि प्रार्थी मेसर्स आंजना कंस्ट्रक्शन केसुदा द्वारा मु आम. संजय माथुर ने आपके विरूद्ध व्यवहार वाद अ के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें।**

**आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें।**

**यह आज तारीख 06 December 2024 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।**
**न्यायालय की मुद्रा**
**टिप्पणी:-0**

**प्राची पाण्डेय मट्टा**
**पंचम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड, मंदसौर (म.प्र.)**

कृपया ध्यान दें:- 1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्य दिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।



In The Court Of V Civil Judge Class-II, District Court, Mandsaur
Presiding Officer: श्रीमती प्राची पांडे मट्टा
**(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया सहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)**
(RCS A/0000457/2022)
**मेसर्स आजना कंस्ट्रक्शन के द्वारा मु.आम- संजय माथुर............ वादी**
**विरुद्ध मोहनलाल ....... प्रतिवादी**

**4416**
Process Id-/2024
पेशी दिनांक: 30/01/2025

प्रेषिती-
(1) मोहनलाल अन्य बालचंद पता-रिछालालमुंहा तहसील व थाना दलौदा मंदसौर मप्र
(2) रामेश्वर पाटीदार पिता भंवरलाल पता-रिछालालमुंहा तहसील दलौदा जिला मंदसौर मप्र

यह कि प्रार्थी मेसर्स आंजना कंस्ट्रक्शन केसुदा द्वारा मु आम. संजय माथुर ने आपके विरूद्ध व्यवहार वाद अ के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात / हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते हैं, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते हैं तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें।

यह आज तारीख 07 December 2024 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।
न्यायालय की मुद्रा
टिप्पणी:-0

प्राची पाण्डेय मट्टा
पंचम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड, मंदसौर (म.प्र.)

कृपया ध्यान दें:- 1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्य दिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।


स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीड्यिा एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक- आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356
समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है। फोन 495831, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in